# विद्या भवन गोविंदराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय, उदयपुर

न्यूज़ लेटर

जनवरी, 2025



## प्राचार्य की कलम से :



एक शिक्षक आदर्श सीखने वाला (Model Learner), सीखने में सुविधा प्रदान करने वाला (learning facilitator) और मार्गदर्शक (mentor) के रूप में तीन महत्त्वपूर्ण भूमिकाएं अदा करता है। शिक्षक अपने द्वारा पढ़ी जाने वाली  किताबें, लेखन, कौशल, नए प्रयोगों एवं अनुभवों को विद्यार्थियों को साझा कर उनमें सीखने का शौक विकसित कर सकता है। शिक्षक उनके इस शौक को बरकरार रखते हुए भयमुक्त, विविधता युक्त अनुकूल वातावरण में सीखने के लिए उन्हें तैयार करता है। इस वातावरण में विद्यार्थी अपनी क्षमतानुसार सीखता है।

एक मार्गदर्शक के रूप में शिक्षक अपने विद्यार्थियों को इस लायक बना देता है कि वह अपने चयन (choice) निर्णयों के प्रति संवेदनशील हो जाता है। वह अपने निर्णयों को स्वयं लेता है। अपने विद्यार्थी से अपने अनुसार काम करवाना मार्गदर्शन नहीं है, बल्कि विद्यार्थी अपनी समझ से सही और गलत में फर्क करके सही काम का चयन कर सके, यही मार्गदर्शन है।

इन तीनों भूमिकाओं में एक पदानुक्रम है। इन तीनों ही भूमिकाओं के प्रति एक शिक्षक को संवेदनशील होना आवश्यक है, तभी वह अपने विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल, अभिवृत्ति एवं मूल्यों को विकसित कर पाएंगे, ना कि सिर्फ नंबर/ग्रेड बनाने वाली मशीने।

–डॉ. फरज़ाना ईरफान


### संपादन

सलाहकार–डॉ. जितेंद्र तायलिया, श्री राजेन्द्र भट्ट

प्राचार्य– डॉ. फरज़ाना ईरफान

संपादक –डॉ. गिरीश शर्मा

प्रूफ रीडिंग –डॉ. जगदीश चंद्र आमेटा

ले–आउट, डिजाईनिंग –चिराग धुप्या



विद्या भवन गोविंदराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय,

डॉ. मोहनसिंह मेहता मार्ग, देवाली उदयपुर, राजस्थान

ई–मेल vbcteudr@gmail.com, 0294–2451814

Website-www.vidyabhawan.in

## स्मार्ट बोर्ड के प्रयोग का अभ्यास

दिनांक 1 जनवरी, 2025। महाविद्यालय के यूजीसी हॉल में स्मार्ट बोर्ड प्रयोग संबंधी अभ्यास किया गया। संकाय सदस्यों ने अपने शिक्षण कार्य में स्मार्ट बोर्ड द्वारा अधिक प्रभावी शिक्षण करवाने के संदर्भ में कुछ विषयों का चयन करते हुए अभ्यास किया। संकाय सदस्यों ने स्मार्ट बोर्ड के साथ यू ट्यूब, पीपीटी के द्वारा ऑन लाईन, ऑफ लाईन मोड में भी अभ्यास किया।

## नेक तैयारी बैठक

दिनांक 7 जनवरी, 2025। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान की अध्यक्षता में नेक की रिव्यू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मूल्यों संबंधी कोर्स करवाने पर चर्चा की गई। बैठक में कोर्स से संबंधित विषयाध्यापकों की बैठक की रिपोर्ट लेने तथा ट्यूटोरियल संबंधी समायोजन का रिकॉर्ड रखने संबंधी निर्णय लिए गए।




## सत्रह साल बाद मिल कर भावुक हुए सहपाठी

दिनांक 2 जनवरी, 2025। विद्या भवन गोविंदराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष 2006–07 बी.एड. बैच के विद्यार्थियों का 17 साल बाद स्नेह–मिलन समारोह हुआ। महाविद्यालय केम्पस में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन प्राचार्य प्रो. एम.पी. शर्मा, अध्यक्ष वर्तमान प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. डी.एन. दानी, विशिष्ट अतिथि एम. एस. खत्री, डॉ. उषा कुमावत, डॉ. दया दवे, प्रो. सुषमा तलेसरा, डॉ. सीमा सरुपरिया, महाविद्यालय की एलुमिनी समन्वयक डॉ. विद्या मेनारिया, डॉ. सुयश चतुर्वेदी थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों सहित राजस्थान के अलग अलग जिलों से आए लगभग 60 एलुमिनी उपस्थित थे। 17 साल बाद मिलने की खुशी में स्नेह का स्रोत फूट पड़ा और भाव विह्वल होकर सब ढोल पर नाचने लगे। तत्कालीन प्राचार्य एवं स्टाफ को मुख्य द्वार से ढोल बजाते हुए और फूल बरसाते हुए कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। सबसे पहले प्रो.एम.पी. शर्मा एवं सभी गुरुजनों का स्वागत किया गया। उसके बाद सभी पूर्व विद्यार्थियों ने अपने समय के कॉलेज के अनुभव सुनाए और पुरानी यादों को ताजा किया। गुरुजनों ने भी अपने अनुभव सुनाते हुए आशीर्वचन प्रदान किया। मुख्य वक्ता प्रो. एम.पी. शर्मा ने अपने उद्बोधन में समाज के वर्तमान माहौल को देखते हुए मूल्यपरक शिक्षा पर जोर देने का आग्रह किया।

## वित्तीय जागरूकता पर चर्चा

दिनांक 8 जनवरी, 2025। महाविद्यालय में सेवा प्रसार विभाग की ओर से व्याख्यान हुआ। वक्ता गुरुनानक कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कोठारी थे। आपने 'स्मार्ट इंवेस्टर अवेयरनेस प्रोग्राम' विषय पर विद्यार्थियों से चर्चा की। वित्तीय जागरुकता, वित्तीय जागरुकता के चरण, चुनौतियों, संभावनाओं, आकस्मिक फण्ड, योजनाओं पर चर्चा की। आपने वित्तीय प्रोजेक्ट, एनपीएस, अटल पेंशन योजना, रिटर्न की प्रक्रिया, कैपिटल बाजार, वित्तीय जागरुकता व धोखाधड़ी से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। विद्यार्थियों ने व्याख्यान के बाद प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम में

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान, संकाय सदस्य और बी.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित थे।




एकल नृत्य में दिव्यांका प्रथम

दिनांक 9 जनवरी, 2025। महाविद्यालय में यूनियन कार्यक्रम के अंतर्गत एकल नृत्य प्रतियोगिता में विज्ञान–ब परिषद से दिव्यांका पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता परिषदवार आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान ने की। कुल 13 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान विज्ञान–अ परिषद से महिमा पटेल तथा तृतीय स्थान विज्ञान–अ परिषद से हेतल ने प्राप्त किया। निर्णायक डॉ. मालचंद तथा डॉ. विद्या मेनारिया थे। संचालन छात्राध्यापिका दिव्यंका तथा लक्षिता स्वर्णकार ने किया।

## मकर संक्रांति पर नृत्य की प्रस्तुति

दिनांक 14 जनवरी, 2025। विद्या भवन बेसिक स्कूल में मकर संक्रांति का उत्सव मनाया गया। उत्सव में महाविद्यालय की छात्राध्यापिका महिमा पटेल ने नृत्य की प्रस्तुति दी। उत्सव में महाविद्यालय की संगीत प्राध्यापिका कुमकुम सालवी ने भी भाग लिया।




समूह गान प्रतियोगिता

दिनांक 16 जनवरी, 2025। महाविद्यालय में यूनियन कार्यक्रम के तहत समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता परिषद्वार आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान ने की। सभी परिषद् के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. संतोष उपाध्याय तथा डॉ. मीनाक्षी शर्मा थे। संचालन छात्राध्यापिका लक्षिता स्वर्णकार ने किया। प्रतियोगिता में हिंदी परिषद एवं विज्ञान–अ परिषद प्रथम, एम.एड. परिषद तथा विज्ञान–ब परिषद द्वितीय तथा इतिहास परिषद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## नेक की तैयारी बैठक

दिनांक 17 जनवरी, 2024। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान की अध्यक्षता में केंपस केयर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में हर्बल गार्डन की साज–संभाल, इंटर्नशिप पर गए बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों से ग्रीन गतिविधियां आयोजित करवाकर उसकी फाईल तैयार करवान, पोस्टर प्रतियोगिता की फाईल तैयार करने, पेमफलेट तैयार कर महाविद्यालय में

लगवाने तथा पर्यावरण संबंधी व्याख्यान आयोजित करवाने संबंधी निर्णय किए गए।




## रिडिंग क्लब में पढ़े आलेख

दिनांक 11 जनवरी, 2025। महाविद्यालय के रिडिंग क्लब के तहत संकाय सदस्यों ने पुस्तकालय में बैठक करके विभिन्न आलेख पढ़े। आलेख पढ़ने के बाद उसका सारांश सभी संकाय सदस्यों के साथ साझा किया गया तथा फिर उस पर बड़े समूह में चर्चा की गई।

## नेक कमेटी की बैठक

दिनांक 18 फरवरी 2024। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान की अध्यक्षता में नेक के नए मापदंडों के अनुसार नवीन समूह सह शैक्षणिक एवं इतर शैक्षणिक गतिविधियों की समूह के द्वारा चर्चा की गई। बैठक में सभी गतिविधियों के फोटो एवं विडियो एकत्र कर प्राचार्य के हस्ताक्षर करवान, समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों एवं फोटो की प्रतियां संकलित करने, बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्याथियों की इंटर्नशिप के दौरान किए जाने वाले सामुदायिक कार्य की रिपोर्ट के लिए ट्यूटोरियल इंचार्ज को सूचित करने, पौधारोपण के फोटो संकलित करने, पिछले पांच वर्षों में मान्यता प्राप्त एजेंसियों से सम्मानित पुरस्कारों की संख्या संलग्न करने तथा विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कारों से संबधित दस्तावेज संकलित करने संबंधी निर्णय किए गए।

## नेक कमेटी की बैठक

दिनांक 20 जनवरी, 2025। नेक के नए मापदंडों के अनुसार नवीन समूह सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रम गतिविधि समूह के क्रियाकलापों की चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मतदान जागरूकता हेतु कुछ गतिविधि, चिकित्सा जांच एवं जागरूकता, पूर्व विद्यार्थी संघ की बैठकों की रिपोर्ट संधारित करने तथा नई शिक्षा नीति–2020 के नवीन प्रावधानों पर विद्या भवन तथा आसपास के सरकारी विद्यालयों में व्याख्यान आयाजित करने संबंधी निर्णय लिए गए।

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर लगेगा केंप

दिनांक 22 जनवरी, 2025। प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान की अध्यक्षता में आयोजित स्टाफ बैठक में एसयूपीडब्ल्यू शिविर आयोजन करने का निर्णय किया गया। शिविर 14 फरवारी से आयोजित होगा तथा इससे पूर्व इसका अभिविन्यास कार्यक्रम होगा। शिविर में महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में विद्यार्थी सर्वे करेंगे। शिविर की थीम निर्धारित करने के लिए संकाय सदस्यों की एक बैठक होगी। प्राचार्य ने सुझाव दिया कि शिविर की थीम भारतीय ज्ञान परंपरा को रखा जा सकता है।

## गाजर के हलवे ने मारी बाजी

दिनांक 23 जनवरी, 2025। महाविद्यालय में यूनियन कार्यक्रम के तहत विदाउट फायर फूड कांपीटिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी 10 परिषदों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और कुल 22 प्रकार की पकवान बनाए। प्रतियोगिता में भूगोल परिषद के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए गाजर के हलवे ने



प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने खजूर के लड्डू ,पनीर के लड्डू, नारियल के लड्डू, विभिन्न प्रकार की चाट, सैंडविच, साबूदाना की खिचड़ी आदि पकवान बनाए। प्रतियोगिता के निर्णायक मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान की प्रो. गायत्री तिवारी तथा विद्या भवन सोसाइटी के व्यवस्था सचिव शैलेंद्र सिंह बारहठ थे। प्रो. गायत्री तिवारी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने पर प्रोत्साहित किया, साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. फरजाना ईरफान ने भी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर एम.एड. परिषद की कुकुंबर सुशी तथा राजनीति विज्ञान परिषद के ज्वार की चाट ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर विज्ञान–ब परिषद् का आंवला ज्यूस तथा हिंदी–संस्कृत परिषद् की पापड़ी चाट ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन यूनियन कार्यक्रम समिति के सदस्यों डॉ. प्रीति गहलोत, बिना लोहार, कुमकुम सालवी तथा उषा पानेरी द्वारा करवाया गया।

## क्रिकेट मैच

दिनांक 25 जनवरी, 2025। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गिरीश शर्मा एवं चिराग धुष्या के नेतृत्व में छात्राध्यापकों की टीम बनाकर एक मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया। डॉ. गिरीश शर्मा की टीम ने यह मैच 4 रनों से जीत लिया। चिराग




धुष्या की टीम ने टॉस जीत कर पहले फिल्डिंग चुनी। डॉ. गिरीश शर्मा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में जीत के लिए 72 रनों का लक्ष्य रखा। टीम की ओर से जीतेश ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। जवाब में चिराग धुष्या की टीम 12 ओवर में 68 रन ही बना सकी। उनकी टीम से दयानंद ने सर्वाधिक 20 रन बनाए। दोनों टीमों के खिलाड़ी हितेन्द्र एवं बेनिवाल ने 4–4 विकेट लिए। अंपायरिंग डॉ. मालचंद काला एवं सलीम मंसूरी ने की।




## पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन

दिनांक 25 जनवरी, 2025। विद्या भवन सोसायटी की ओर से 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित पुस्तक प्रदर्शनी में महाविद्यालय के 9

विद्यार्थियों ने कार्य किया तथा इसकी नियमित गतिविधियों का हिस्सा बने। इनमें ललित सुथार, सुशीला, भानु सुथार, कविता, अंकित, रमेश तेली, निखिल, हेमंत और विवेक शामिल थे। इस पुस्तक प्रदर्शनी में आर्ट एंड क्राफ्ट कॉर्नर, साइंस कॉर्नर, लैंग्वेज कॉर्नर आदि बनाए गए। जिसमें कक्षा–1 से कक्षा–8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उन्हें आर्ट एंड क्राफ्ट की बहुत सारी चीजें, हिंदी और अंग्रेजी की कहानियां, विज्ञान से संबंधित प्रयोग आदि करना सिखाया। प्रदर्शनी में बाहर से आए विद्यार्थियो ने बहुत उत्सुकता से भाग लिया उन्होंने अलग–अलग प्रकार की प्रस्तुतियां भी दी। महाविद्यालय के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थियों ने भी इस पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## संकाय संवर्द्धन में देखी डाक्यूमेंट्री

दिनांक 25 जनवरी, 2025। संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम के अंतर्गत संकाय सदस्यों ने 'राजस्थान द लैंड ऑफ किंग्स' डाक्यूमेंट्री देखी। डाक्यूमेंट्री में राजस्थान की भौगोलिक, सामाजिक एवं पर्यटन संबंधी जानकारी दी गई। डाक्यूमेंट्री के बाद संकाय सदस्यों ने चर्चा की।

## मुन्ना कुमारी, हितेन्द्र सिंह बेस्ट एथलीट

दिनांक 29 जनवरी, 2025। महाविद्यालय के बी. एड. एवं एम.एड. प्रथम वर्ष की वार्षिक खेलकूल प्रतियोगिता विद्या भवन सी.सै. स्कूल खेल मैदान पर आयोजित हुई। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. फरजाना इरफान ने खेलों के महत्त्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल ना केवल हमें स्वस्थ एवं नीरोगी रखते हैं अपितु जीवन में अनुशाषित रहना भी सिखाते है। उन्होने विद्यार्थियों को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्साह एवं उमंग के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। खेलकूद प्रतियोंगिता में बेस्ट एथलीट



(छात्रा) मुन्ना कुमारी (इतिहास परिषद) द्वितीय आरती दवे (अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी परिषद) तथा तृतीय हेमलता गायरी (एम.एड़ परिषद) रहीं। इसी प्रकार, बेस्ट एथलीट (छात्र) हितेन्द्र सिंह (विज्ञान 'ब' परिषद) द्वितीय आशीष कुमार डामोर (विज्ञान 'अ' परिषद) तथा तृतीय धीरज तवंर (विज्ञान 'अ' परिषद) रहे। विज्ञान 'ब' सर्वश्रेष्ठ परिषद, द्वितीय विज्ञान 'अ' तथा राजनीति विज्ञान परिषद एवं तृतीय अर्थशास्त्र एवं अंग्रेजी परिषद रही। रस्सा कस्सी में गैर शैक्षणिक कर्मचारी की टीम विजेता रही। संकाय सदस्यों की कुर्सी दौड़ में प्रथम डॉ. मुकश कुमार सुखवाल, द्वितीय कुमकुम सालवी एवं तृतीय डॉ. विद्या मेनारियां रहे। प्रतियोगिता का समन्वय डॉ. मालचन्द काला ने किया गया।





प्रश्नोत्तरी

दिनांक 30 जनवरी, 2025। महाविद्यालय में यूनियन कार्यक्रम के तहत 'महाभारत कालीन भारतीय ज्ञान परंपरा' विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रत्येक परिषद् से दो प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रकार कुल 20 प्रतिभागियों के तीन दल बने। प्रथम दल को संस्कृति दल, द्वितीय को सभ्यता दल तथा तृतीय दल को संस्कार दल नाम दिया गया। प्रतियोगिता में सभ्यता दल विजेता रहा। द्वितीय स्थान संस्कार दल ने तथा तृतीय स्थान संस्कृति दल ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी का संचालन डॉ. जगदीश चंद्र आमेटा ने किया। निर्णायक डॉ. मालचंद काला, डॉ. मुकेश सुखवाल एवं डॉ. जयदेव पानेरी थे। कार्यक्रम के अंत में यूनियन कार्यक्रम समिति की समन्वयक डॉ. प्रीति गहलोत ने धन्यवाद दिया।

## कहानी लेखन में संवेदनशीलता पहली शर्त

दिनांक 30 जनवरी, 2025। महाविद्यालय एवं प्रसंग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय कहानी लेखन कार्यशाला का प्रथम चरण आयोजित हुआ। विशेषज्ञ व्याख्यान के अंतर्गत प्रथम दिवस कहानी की विकास यात्रा पर प्रो. मंजू चतुर्वेदी ने व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि कहानी लिखने में संवेदनशीलता का होना पहली शर्त है। कहानीकार को अपने आस–पास के वातावरण, समाज एवं परिस्थितियों के प्रति सजग रहते हुए अपने लेखन में उसको शामिल करना चाहिए। दूसरे दिन प्रो. इंदिरा जैन ने कहानी के तत्वों पर प्रकाश डाला कि कैसे कथानक, पात्र, उनका चरित्र चित्रण एवं देशकाल और वातावरण तथा कथोपकथन का सही समन्वय कहानी को आगे बढ़ाने एवं प्रभावी बनाने में मदद करते हैं। तीसरे दिन डॉ. मधु अग्रवाल एवं रागिनी शर्मा ने अलग– अलग तरह की कहानियों का पाठ किया एवं सत्रांत में प्रश्नकाल के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यशाला समन्वयक डॉ. जयदेव पानेरी ने बताया कि इस कार्यशाला के द्वितीय चरण में विद्यार्थियों को विभिन्न कहानियां पढ़ने हेतु दी जाएगी, तत्पश्चात उनसे रचनाएं ली जाएंगी एवं उनकी रचनाओं पर भाषा विभाग के सदस्य एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा कर परिष्कृत किया जाएगा। अंतिम चरण में लिखित रचनाओं का पाठ एवं प्रकाशन का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यशाला का परिचय डॉ. संतोष उपाध्याय ने दिया। संचालन डॉ. जगदीश चंद्र आमेटा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मुकेश कुमार सुखवाल ने किया।

